सेट 2013-14

प्रश्न पत्र – द्वितीय / QUESTION PAPER – II

अनुक्रमांक / Roll No. (अंकों में / In figures) :

(शब्दों में / In Words) ..........

विषय / Subject :

# Hindi

कोड / Code : 220

2201013

Hindi

220 A

विषय कोड बुकलेट सीरीज

पुस्तिका में पृष्ठों की संख्या / Number of Pages in Booklet : 16

पुस्तिका में प्रश्नों की संख्या / Number of Questions in Booklet : 50

समय / Time : $1\frac{1}{4}$ घंटे / Hours

पूर्णांक / Maximum Marks : 100

## INSTRUCTIONS

1. **Answer all questions.**
2. **All questions carry equal marks.**
3. Only one answer is to be given for each question.
4. If more than one answers are marked, it would be treated as wrong answer.
5. Each question has four alternative responses marked serially as 1, 2, 3, 4. You have to darken the correct answer.
6. There will be no negative marking for wrong answer.
7. The candidate should ensure that Roll Number, Subject Code and Series Code on the Question Paper Booklet and Answer Sheet must be same after opening the envelopes. In case they are different, a candidate must obtain another Question Paper of the same series. Candidate himself shall be responsible for ensuring this.
8. Mobile Phone or any other electronic gadget in the examination hall is strictly prohibited. A candidate found with any of such objectionable material with him/her will be strictly dealt as per rules.
9. The candidate will be allowed to carry the carbon print-out of OMR Response Sheet with them on conclusion of the examination.
10. **If there is any sort of ambiguity/mistake either of printing or factual nature then out of Hindi and English Version of the question, the English Version will be treated as standard.**

*Warning :* If a candidate is found copying or if any unauthorised material is found in his/her possession, F.I.R. would be lodged against him/her in the Police Station and he/she would liable to be prosecuted under Section 3 of the R.P.E. (Prevention of Unfairmeans) Act, 1992. Commission may also debar him/her permanently from all future examinations of the Commission.

## निर्देश

1. सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।
2. सभी प्रश्नों के अंक समान हैं ।
3. प्रत्येक प्रश्न का केवल एक ही उत्तर दीजिए।
4. एक से अधिक उत्तर देने की दशा में प्रश्न के उत्तर को गलत माना जाएगा ।
5. प्रत्येक प्रश्न के चार वैकल्पिक उत्तर दिये गये हैं, जिन्हें क्रमशः 1, 2, 3, 4 अंकित किया गया हैं। अभ्यर्थी सही उत्तर वाले गोलें को काला करें ।
6. गलत उत्तर के लिए ॠणात्मक अंकन नहीं किया जाएगा ।
7. प्रश्न–पत्र पुस्तिका एवं उत्तर पत्रक के लिफाफे की सील खोलने पर परीक्षार्थी यह सुनिश्चित कर लें कि उसके अनुक्रमांक प्रश्न–पत्र पुस्तिका एवं उत्तर पत्रक पर समान रूप से विषय कोड एवं प्रश्न पुस्तिका की सीरीज अंकित है । इसमें कोई भिन्नता हो तो वीक्षक से प्रश्न–पत्र की ही सीरीज वाला दूसरा प्रश्न–पत्र का लिफाफा प्राप्त कर लें । ऐसा न करने पर जिम्मेदारी अभ्यर्थी की होगी ।
8. मोबाईल फोन अथवा इलेक्ट्रोनिक यंत्र का परीक्षा हॉल में प्रयोग पूर्णतया वर्जित हैं। यदि किसी अभ्यर्थी के पास ऐसी कोई वर्जित सामग्री मिलती है तो उसके विरुद्ध आयोग द्वारा नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी।
9. अभ्यर्थी अपने साथ उत्तर पत्रक की संलग्न कार्बन प्रति अपने साथ ले जा सकते हैं ।
10. **यदि किसी प्रश्न में किसी प्रकार की कोई मुद्रण या तथ्यात्मक प्रकार की त्रुटि हो तो प्रश्न के हिन्दी तथा अंग्रेजी रूपान्तरों में से अंग्रेजी रूपान्तर मान्य होगा ।**

चेतावनी : अगर कोई अभ्यर्थी नकल करते पकड़ा जाता है या उसके पास से कोई अनधिकृत सामग्री पाई जाती है, तो उस अभ्यर्थी के विरुद्ध पुलिस में प्राथमिकी दर्ज कराई जायेगी और आर. पी. ई. (अनुचित साधनों की रोकथाम) अधिनियम, 1992 के नियम 3 के तहत कार्यवाही की जायेगी। साथ ही आयोग ऐसे अभ्यर्थी को भविष्य में होने वाली आयोग की समस्त परीक्षाओं से विवर्जित कर सकता है।

1 निम्नलिखित में पूर्वी हिन्दी की बोली है :

(1) कन्नौजी (2) अवधी

(3) पूर्वी राजस्थानी (4) बुन्देली

2 केन्द्रीय हिन्दी निदेशालय द्वारा निर्धारित मानक हिन्दी वर्णमाला के सम्बन्ध में कौन सा कथन असत्य है?

(1) स्वरों की संख्या 11 है।

(2) अनुस्वार का चिह्न रखा गया है।

(3) चंद्रबिंदु के स्थान पर अनुस्वार को स्वीकृति दी गयी है।

(4) संयुक्त व्यंजनों की संख्या 4 है।

3 ब्राह्मी की उत्तरी धारा से किस लिपि का विकास नहीं हुआ ?

(1) गुप्त लिपि (2) ग्रन्थ लिपि

(3) कुटिल लिपि (4) शारदा लिपि

4 भारतीय संविधान के निम्नलिखित अनुच्छेदों में किसमें राजभाषा का प्रावधान है?

(1) 243 से 251 (2) 352 से 360

(3) 343 से 351 (4) 153 से 162

5 हिन्दी साहित्य के इतिहास के कालविभाजन तथा नामकरण का कार्य सबसे पहले किसने किया?

(1) हजारीप्रसाद द्विवेदी (2) मिश्र बंधु

(3) रामकुमार वर्मा (4) जार्ज ग्रियर्सन

6 (क) कालविभाजन का आधार भी समान प्रकृति और समान प्रवृत्ति ही होती है।

(ख) नामकरण की सार्थकता इसमें है कि वह पदार्थ के गुण अथवा धर्म का मुख्यतया द्योतन कर सके।

उपर्युक्त कथन (क) एवं (ख) के बारे में निम्नांकित में से कौन सा विकल्प सही है?

(1) (क) और (ख), दोनों कथन सही हैं।

(2) (क) गलत और (ख) सही कथन है।

(3) कथन (क) कथन (ख) की व्याख्या है।

(4) (क) और (ख) दोनों कथन गलत हैं।

7 सरहपाद का अन्य नाम भी मिलता है :

(1) शांतिपा (2) राहुलभद्र

(3) जोइन्दु (4) कण्हपा

8 परमाल रासो के आकार और भाषा में परिवर्तन होता रहा क्योंकि :

(1) यह लोक गेय काव्य था।

(2) तत्कालीन शासकों ने इसमें परिवर्तन करवाये थे।

(3) जगनिक ने स्वयं इसे बदल दिया था।

(4) इसकी सात प्रतियाँ मिलती हैं।

9 रोडाकृत आदिकाल की शिलांकित रचना है :

(1) उक्ति व्यक्ति प्रकरण (2) राउलवेल

(3) वर्ण रत्नाकर (4) वसन्त विलास

10 'इस्तवार दला लितरेत्युर ऐन्दुई ऐन्दुस्तानी' के प्रथम भाग का प्रकाशन हुआ था :

(1) 1839 ई. (2) 1847 ई.

(3) 1871 ई. (4) 1882 ई.

11 हिन्दी साहित्य के कालविभाजन में 'संधिकाल' जोड़ने वाले इतिहासकार हैं :

(1) रामचंद्र शुक्ल (2) राम कुमार वर्मा

(3) रामशंकर शुक्ल (4) बच्चन सिंह

12 'वीसलदेव रासो' मूलतः किस प्रकार का काव्य है?

(1) शृंगार रस प्रधान (2) करुण रस प्रधान

(3) आध्यात्मिकता प्रधान (4) नीति प्रधान

13 नागरी प्रचारिणी सभा द्वारा प्रकाशित पृथ्वीराज रासो को प्रामाणिक मानने वाले विद्वान हैं :

(1) गौरीशंकर हीराचंद ओझा (2) मुंशी देवी प्रसाद

(3) रामचंद्र शुक्ल (4) श्याम सुंदर दास

14 प्रमुख आलवारों की संख्या कितनी मानी जाती है?

(1) 8 (2) 10

(3) 12 (4) 6

15 निम्नलिखित में से रामभक्त कवि नहीं है :

(1) नाभादास (2) ईश्वरदास

(3) अग्रदास (4) दामोदर

16 मलिकमुहम्मद जायसी की रचना नहीं है :

(1) रूपमंजरी (2) आखिरी क़लाम

(3) अखरावट (4) कहरानामा

17 रहीम किस सम्राट के समकालीन थे ?

(1) बाबर (2) अकबर

(3) शाहजहाँ (4) शाहआलम प्रथम

18 आदिकाल में खड़ीबोली को काव्य भाषा बनाने वाले पहले कवि के रूप में मान्य है :

(1) मधुकर कवि (2) शालिभद्र सूरि

(3) चन्दबरदाई (4) अमीर खुसरो

19 निम्नांकित में से निर्गुण संत काव्यधारा का कवि नहीं है :

(1) दादू दयाल (2) सिंगा

(3) रैदास (4) नागरीदास

20 'भ्रमरगीत' किसकी रचना है?

(1) सूरदास (2) नन्ददास

(3) रसखान (4) छीतस्वामी

21 कौन सी रचना विद्यापति की नहीं है ?

(1) पदावली (2) कीर्तिलता

(3) कवित्त–रत्नाकर (4) कीर्तिपताका

22 'भक्तन को कहा सीकरी सौं काम' यह पंक्ति इनमें से किस कवि ने किसके सामने कही हैं?

(1) कुंभनदास ने अकबर के सामने

(2) चतुर्भुजदास ने बाबर के सामने

(3) कुंभनदास ने जहाँगीर के सामने

(4) मीरा ने अकबर के सामने

23 'वेलि क्रिसन रूक्मिणी री' के संदर्भ में कौन सा युग्म सुमेलित है?

(1) पृथ्वीराज – भक्तिकाल (2) पृथ्वीराज – रीतिकाल

(3) पृथ्वीराज – आदिकाल (4) परमानन्ददास – भक्तिकाल

24 कौन सा युग्म सुमेलित नहीं है ?

(1) मतिराम – ललित ललाम

(2) भूषण – छत्रसाल दशक

(3) घनानन्द – इश्कलता

(4) पद्माकर – अलंकारकला निधि

25 बिहारी निम्नांकित में से किस श्रेणी के कवि हैं?

(1) आचार्य कवि

(2) नाथ कवि

(3) शृंगारी कवि

(4) रीति मुक्त कवि

26 निम्नलिखित कवियों और उनके आश्रयदाताओं में कौन सा युग्म सुमेलित नहीं है?

(1) देव – आजमशाह

(2) बिहारी–भवानी सिंह

(3) पद्माकर – महाराणा भीमसिंह

(4) भूषण – छत्रसाल

27 'कविवचन सुधा' का प्रकाशन आरंभ हुआ था :

(1) 1850 ई. में

(2) 1868 ई. में

(3) 1889 ई. में

(4) 1871 ई. में

28 कौन सा युग्म सुमेलित नहीं है ?

(1) सरस्वती पत्रिका – 1903

(2) उदन्त मार्तण्ड – 1826

(3) हरिश्चन्द्र मैगजीन – 1873

(4) जगत समाचार – 1869

29 द्विवेदी युग को किस अन्य नाम से भी जाना जाता है?

(1) विकास काल (2) प्रगति–प्रयोगकाल

(3) जागरण सुधार काल (4) रहस्य काल

30 मैथिलीशरण गुप्त की रचना नहीं है :

(1) पंचवटी (2) यशोधरा

(3) साकेत (4) वैदेही वनवास

31 'गर्भरण्डा रहस्य' कृति के रचनाकार हैं :

(1) गयाप्रसाद शुक्ल (2) नाथूराम शर्मा शंकर

(3) अयोध्या सिंह उपाध्याय (4) महावीर प्रसाद द्विवेदी

32 जयशंकर प्रसाद की रचना नहीं है :

(1) प्रेमपथिक
(2) कानन कुसुम
(3) लहर
(4) परिमल

33 कौन सी रचना पंत–रचित महाकाव्य है?

(1) लोकायतन
(2) युगवाणी
(3) युगान्त
(4) ग्राम्या

34 कौन सा काव्य हरिवंशराय बच्चन–रचित नहीं है?

(1) मधुबाला
(2) मधुशाला
(3) मधुमालती
(4) मधुकलश

35 धर्मवीर भारती के गीत संकलन का नाम है :

(1) नाव के पाँव
(2) पक गयी है धूप
(3) ठंडा लोहा
(4) बनपाँखी सुनो

36 निम्नलिखित में से कौन सा युग्म सुमेलित नहीं है?

(1) अज्ञेय – साँप

(2) भवानी प्रसाद मिश्र – गीतफ़रोश

(3) निराला – कुकुरमुत्ता

(4) श्री नरेश मेहता – कनुप्रिया

37 निम्नलिखित में से कौन सा युग्म सुमेलित है ?

(1) पुरानी जूतियों का कोरस – मुक्तिबोध

(2) क से कबूतर – कुमार विकल

(3) सुदामा पांडे का प्रजातंत्र – धूमिल

(4) महावृक्ष के नीचे – शमशेर

38 भारतीय हिंदी परिषद प्रयाग से प्रकाशित होने वाली पत्रिका है :

(1) हिन्दी अनुशीलन (2) भाषा

(3) समीक्षा (4) आलोचना

39 दो रचनाकारों द्वारा संयुक्त रूप से लिखा गया उपन्यास है :

(1) उखड़े हुए लोग (2) एक इंच मुस्कान

(3) गली आगे मुड़ती है (4) अंधेरे के विरुद्ध

40 निम्नलिखित में से किस विकल्प के सभी उपन्यास किसी महिला उपन्यासकार द्वारा लिखे गए हैं?

(1) आपका बंटी; मछली मरी हुई

(2) पचपन खंभे लाल दीवारें; रुकोगी नहीं राधिका

(3) चित कोबरा; हज़ार घोड़ों का सवार

(4) बेघर; सोया हुआ जल

41 कौन सा कथन प्रतीक के संदर्भ में गलत है ?

(1) प्रतीक सर्वदा अपने से इतर संकेत देता है।

(2) प्रतीक सादृश्य से आगे भावना जगाने का कार्य करता है।

(3) प्रतीक द्वारा अदृश्य सार–तत्व की अभिव्यक्ति होती है।

(4) प्रतीक शब्द का चित्र उपस्थित करता है।

42 मिथक के लिए किस शब्द का प्रयोग नहीं होता है ?

(1) पुराख्यान (2) पुराकथा

(3) सत्यकथा (4) धर्मगाथा

43 लियोतार्द के अनुसार उत्तर आधुनिकता से जुड़ा कौन सा कथन असत्य है ?

(1) इसकी कला में संगति नहीं है।

(2) टोटेलिटी नहीं है।

(3) बिखराव होता है।

(4) अन्विति होती है।

44 'देरीदा' की पुस्तक है :

(1) पोस्टमाडर्न कंडीशन

(2) ऑफ ग्रैमैटोलॉजी

(3) बीइंग एण्ड टाइम

(4) द डेथ ऑफ द ऑथर

45 दृग उरझत टूटत कुटम, जुरत चतुर चित प्रीति।

परत गाँठ दुर्जन हिये, दई नई यह रीति॥

इस दोहे में अलंकार है :

(1) भ्रांतिमान (2) अन्योक्ति

(3) असंगति (4) वक्रोक्ति

46 "विषमय यह गोदावरी अमृतन को फल देत" इसमें कौन सा अलंकार है?

(1) विरोधाभास

(2) व्याजस्तुति

(3) संदेह

(4) अत्युक्ति

47 'अर्द्धकथानक' क्या है ?

(1) बनारसीदास जैन की आत्मकथा

(2) गणेश शंकर विद्यार्थी की जीवनी

(3) रामनरेश त्रिपाठी की आत्मकथा

(4) परमानन्द की आत्मकथा

48 राहुल सांकृत्यायन का यात्रावृत्तान्त है :

(1) उत्तराखण्ड के पथ पर

(2) मेरी यूरोप यात्रा

(3) दक्षिण पार

(4) मेरी इंगलैण्ड यात्रा

49 निम्नलिखित में से सुमेलित नहीं है :

(1) प्रकाशचन्द्र गुप्त – बंगाल का अकाल

(2) शिवपूजन सहाय – वे दिन वे लोग

(3) महादेवी वर्मा – पथ के साथी

(4) नगेन्द्र – नये पुराने झरोखे

50 क्षण भर में गिरते रुण्डों से मदमत्त गजों के झुंडों से ।

घोड़ों के विकल वितुंडों से पट गई भूमि नर मुंडों से ।

इन पंक्तियों में काव्य रीति है :

(1) गौड़ी

(2) पांचाली

(3) वैदर्भी

(4) पंचालिका

कच्चे काम के लिये जगह